# परमात्म ऊर्जा

## दो बातों पर विशेष अंडरलाइन



**मूड ऑफ**

बापदादा अपना मूड ऑफ करते हैं क्या? कभी नहीं ना, तो फॉलो फादर। बापदादा के पास स्पेशल ब्राह्मण बच्चों को देखने के लिए वतन में बढ़िया टीवी है, उसमें सबकी अपनी-अपनी, भिन्न-भिन्न मूड आती रहती है, देखने में इतना मज़ा आता है... आप समझ सकते हो। महादानी बनने वालों की मूड बदलती नहीं है। दाता हो ना, देते जाओ। कितनी बार देवता बने हो? अनेक बार बने हो ना। देवता अर्थात् देने के संस्कार वाले। कोई कुछ भी दे लेकिन आप सुख, शान्ति, प्रेम की अंचली दो। लोगों के पास दुःख, अशान्ति के अलावा कुछ नहीं है, वह आपको क्या देंगे? वही देंगे जो उनके पास है। आपके पास तो सुख शान्ति का भंडार है, वह सबको देते जाओ।

**अन्तिम पेपर**

सभी ब्राह्मणों का अन्तिम पेपर यही छोटा-सा है - नष्टोमोहा, स्मृति स्वरूप का। जीवन मुक्त होने से पहले मेहनत मुक्त बनो, यह स्थिति समय को समीप लाएगी और आपकी यह स्थिति आत्माओं के लिए मुक्ति का दरवाज़ा खोलेगी। बापदादा बच्चों के मीठे-मीठे खेल कई बार देख चुके हैं। कुछ भी हो, हिमालय से भी बड़ा सौ गुणा समस्या का स्वरूप, चाहे तन, मन, व्यक्ति, प्रकृति द्वारा समस्याएं व परिस्थिति, आपकी स्व स्थिति के आगे कुछ भी नहीं है। स्व स्थिति का साधन है - स्वमान। स्वमान नैचुरल रूप में हो, याद करना न पड़े, बार-बार स्वमान की मेहनत नहीं करनी पड़े। मैं हूँ ही स्वदर्शन चक्रधारी, मैं हूँ ही नूरे रत्न, मैं हूँ ही दिलतख्तनशीन आत्मा...। कल्प पहले कौन बने थे? वह आप ही हो। स्वमान का नैचुरल रूप ही अन्तिम पेपर में पास विद ऑनर नष्टोमोहा, स्वरूप बनाएगा।

# कथा सरिता



## छोटी चिड़िया की हिम्मत

एक जंगल में एक छोटी-सी चिड़िया रहती थी। एक दिन भयंकर आग लग गई। सारे जानवर अपनी-अपनी जान बचाकर भागने लगे। चिड़िया ने देखा कि आग बढ़ती जा रही है और जंगल जलकर खत्म हो जाएगा। वह पास के तालाब पर गई, अपनी छोटी



चोंच में थोड़ा-सा पानी भरकर आग पर डालने लगी। यह देखकर दूसरे जानवर हँसने लगे - "इतने से पानी से क्या आग बुझेगी?" लेकिन चिड़िया ने शांत होकर कहा, "मैं जानती हूँ कि मेरी चोंच से आग नहीं बुझेगी, लेकिन मैं अपना कर्त्तव्य तो निभा सकती हूँ।" उसके निरंतर प्रयास को देखकर कुछ और चिड़िया भी जुड़ गईं, फिर हिरण, बंदर, हाथी सारे मिलकर आग बुझाने लगे। धीरे-धीरे मिलकर सबने उस आग को रोक लिया।

**शिक्षा :** चाहे परिस्थिति कितनी भी बड़ी क्यों न हो यदि हम अपने हिस्से का प्रयास करते रहें, तो असंभव भी संभव बन सकता है। छोटे कदम भी बड़ी शुरुआत कर सकते हैं।



**सोनीपत-मॉडल टाउन(हरियाणा)।** प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हरे कृष्णा छाबड़ा से स्नेह मुलाकात करने के पश्चात् ज्ञानामृत व प्रसाद भेंट करते हुए ब्र.कु. मंजू।



**जगाधरी-हरियाणा।** संजीव गुप्ता,हेड सर्वेयर एलआरक्यूए इंस्पेक्शन सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, यमुनानगर को ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ब्र.कु. अंजू।



**सीतापुर-मिश्रिख(उ.प्र.)।** पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से स्नेह मुलाकात करते हुए ब्र.कु. सरस्वती।



**इटावा-लखना(उ.प्र.)।** स्थानीय सेवाकेन्द्र पर आयोजित तीन दिवसीय राजयोग शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्रह्माकुमारी बहनें, ब्र.कु. अविनाश,महाराष्ट्र तथा अन्य।



**बरनाला-पंजाब।** दीपावली के अवसर पर सैक्रेड हार्ट कॉन्वेंट में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. सुदर्शन, ब्र.कु. गीता, ब्र.कु. खुशहाल मेनन, प्रिंसिपल अनीता मेंडोंसा, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर जैनेट, सिस्टर सविता, सिस्टर नैंसी तथा अन्य स्कूल के शिक्षकगण।



**तिनसुकिया-असम।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के समाजसेवा प्रभाग द्वारा ब्रह्माकुमारीज के पीस वैली रिट्रीट सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज स्तंभों को सम्मानित व ईश्वरीय सौगात भेंट करने के पश्चात साथ हैं संजय किशन, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. प्रभाकर त्रिपाठी, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता ई.वी. गिरीश,मुंबई, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. रजनी दीदी, ब्र.कु. रजनी,शिवसागर एवं ब्र.कु. वीरेन्द्र,माउंट आबू।



**बैरिया-उ.प्र.।** उपजिलाधिकारी आलोक प्रताप सिंह से ज्ञान चर्चा करने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. पुष्पा। साथ हैं ब्र.कु. समता।



**फर्रुखाबाद-बीबीगंज(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र पर मिशन शक्ति केन्द्र फेज 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. मंजू बहन व ब्र.कु. गिरिजा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उपनिरीक्षक नितिन कुमार। साथ हैं विनीत कुमार एवं नरेश कुमार।



**दिल्ली-गाज़ीपुर।** यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में यंग स्टार्स क्रिकेट लीग के सेशन-4 के क्रिकेट मैच को देखने के लिए ब्रह्माकुमारीज की स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुधा व अन्य बहनों को निमंत्रण दिया गया। तत्पश्चात् स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुधा को गेस्ट ऑफ ऑनर का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित करते हुए यंग स्टार्स क्रिकेट लीग के चेयरमैन राहुल अरोड़ा।



**जालंधर-ग्रीन पार्क(पंजाब)।** बल्टन पार्क में टी20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल आयोजन में राजयोगिनी ब्र.कु. मीरा दीदी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित करते हुए क्रिकेट क्लब के मेम्बर्स।



**दिल्ली-बृजपुरी।** दीपावली के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष एम.एल. आर्य को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कविता। साथ हैं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के उपाध्यक्ष आर.एस. कंबोज, ब्र.कु. श्वेता, ब्र.कु. भरत तथा अन्य।



**दिल्ली-सीता राम बाज़ार।** दिल्ली के एल.एन.जे.पी. हॉस्पिटल में गायनेक डॉक्टर्स के साथ गर्भ संस्कार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में चर्चा करने के पश्चात् ब्र.कु. सुनीता को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करते हुए एच.ओ.डी. डॉ. माला व डॉ. पूनम सचदेवा। साथ हैं अन्य डॉक्टर्स।



**बंधबहाल-ओडिशा।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. बिंदु, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पी.के. होता तथा अन्य शिक्षकगण।